## खबर संक्षेप

### टाटा मोटर्स और ग्रामीण बैंक में एमओयू साइन

करनाल। भारत की अग्रणी वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी से कंपनी के छोटे वाणिज्यिक वाहनों और पिक-अप रेंज, जिसमें नया टाटा ऐस प्रो भी शामिल है, की फाइनेंसिंग को बढ़ावा मिलेगा। कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट पिनाकी हलदर ने कहा कि यह सहयोग ग्रामीण उद्यमियों और छोटे व्यवसायियों को कम ब्याज दरों, सरल दस्तावेज़ी प्रक्रिया और मात्र 8,999 की प्रारंभिक ईएमआई पर वाहन उपलब्ध कराएगा।

### एलआईसी में निजी नियुक्तियों का विरोध

**करनाल।** सरकार द्वारा एलआईसी और सार्वजनिक बीमा कंपनियों में निजी क्षेत्र से व्यक्तियों की नियुक्ति की अनुमति देने वाले नए दिशा-निर्देशों का ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन (एआईआईईए) ने कड़ा विरोध किया है। संगठन के मंडल सचिव नीरज अरोड़ा ने कहा कि यह फैसला राष्ट्रीयकरण की भावना पर प्रहार है और इससे सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों का निजीकरण तेज़ी से बढ़ेगा।

### एसयूडी ने लॉन्च किया निफ्टी 50 इंडेक्स फंड

**करनाल।** स्टार यूनियन दाइ-इची लाइफ इंश्योरेंस (एसयूडी लाइफ) ने 'एसयूडी लाइफ निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स फंड' नामक नया फंड ऑफर (एनएफओ) लॉन्च किया है, जो निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स को ट्रैक करेगा। यह इंडेक्स भारत की शीर्ष 50 बड़ी कंपनियों पर आधारित है, जिन्हें उनके अल्फा स्कोर यानी बाजार से बेहतर प्रदर्शन की क्षमता के आधार पर चुना गया है। कंपनी के मुख्य निवेश अधिकारी प्रशांत शर्मा ने बताया कि यह फंड निवेशकों को समझदारी से इक्विटी निवेश का अवसर प्रदान करेगा और अब यूएलआईपी चार्ज पर 0% जीएसटी छूट के साथ बेहतर रिटर्न की संभावना बढ़ गई है। यह फंड एसयूडी लाइफ के वेल्थ बिल्डर, ई-वेल्थ रॉयल और स्टार ट्यूलिप जैसे यूनिट-लिंक्ड इंश्योरेंस प्लानों के साथ उपलब्ध रहेगा।

### सीटू का राज्य सम्मेलन 25 से 27 तक

**करनाल।** सीटू का राज्य स्तरीय सम्मेलन इस बार करनाल में 25 से 27 अक्तूबर तक आयोजित होगा। इसकी तैयारियाँ जोरों पर हैं। सम्मेलन की स्वागत समिति के चेयरमैन उधम सिंह राठी, सीटू जिला प्रधान बिजनेश राणा, सचिव सतपाल सैनी और कोषाध्यक्ष ओपी माटा ने बताया कि सभी ब्लॉकों में टीमें तैनात हैं जो 25 अक्तूबर को फव्वारा पार्क में आयोजित जनसभा की तैयारी में जुटी हैं। जनसभा को सीटू की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. हेमलता और राष्ट्रीय सचिव ए.आर. सिंधू संबोधित करेंगी।

### केशव पार्क में लगाया जाएगा साझा स्वदेशी मेला

**कुरुक्षेत्र।** नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि 17 से 19 अक्टूबर तक केशव पार्क में लगने वाले सांझा स्वदेशी मेला को लेकर नगर परिषद के अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि केशव पार्क में कहा-कहां फूड स्टॉल लगेंगे, झूले, मुख्य अतिथियों के लिए मंच तैयार करने पर किया विचार-विमर्श।

## युवा महोत्सव में दूसरे दिन 26 महाविद्यालयों की 153 टीमों ने लिया भाग

# क्ले मॉडलिंग में प्रथम स्थान पर रही एसडी. कॉलेज पानीपत की टीम

- क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो में आर्य पीजी कॉलेज प्रथम रहा
- क्लासिकल डांस सोलो में आर्य पी.जी. कॉलेज प्रथम रहा

सांस्कृतिक मंच पर शास्त्रीय नृत्य (एकल), समूह नृत्य सामान्य, हरियाणवी आर्केस्ट्रा, एकांकी नाटक और मिमिक्री जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, प्रतिभागियों की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकदीर्घा का माहौल संगीतमय बना दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में आयोजित क्षेत्रीय युवा उत्सव के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में करनाल की महापौर रेनू बाला गुप्ता ने शिरकत की । कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह बागी की अध्यता मे व डॉ. मीरा कश्यप व सह-संयोजक डॉ. भारती की देखरेख मे किया गया । इस मौके पर रेनू बाला गुप्ता ने युवाओं से भारतीय संस्कृति, कला और परंपरा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन पांच मंचों पर किया गया, जिनमें प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्टूनिंग में प्रथम स्थान पर एस.डी. कॉलेज पानीपत, द्वितीय स्थान पर आई बी कॉलेज पानीपत एवं तृतीय स्थान पर राजकीय महिला महाविद्यालय करनाल रहे। कोलाज में प्रथम स्थान पर आई बी कॉलेज पानीपत, द्वितीय स्थान पर एस डी कॉलेज पानीपत एवं तृतीय स्थान पर गुरु नानक खालसा कॉलेज रहे। डिबेट इंग्लिश (अगेंस्ट) में प्रथम स्थान पर आर्य पी. जी. कॉलेज, पानीपत, द्वितीय स्थान पर आई बी कॉलेज पानीपत एवं तृतीय स्थान पर के. वी. ए. डी. ए. वी. कॉलेज करनाल तृतीय स्थान पर रहे। ाहित्यिक मंच पर अंग्रेजी एवं हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने तर्कपूर्ण विचार प्रस्तुत किए।


इंद्री। तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव मे महापौर रेणु बाला गुप्ता।



इंद्री। क्षेत्रीय युवा महोत्सव मे हरियाणवी प्रस्तुति देती प्रतिभागी।

### क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो में आर्य पीजी कॉलेज प्रथम

क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो (एन पी) में आर्य पीजी कॉलेज प्रथम, गुरु नानक खालसा कालेज द्वितीय वह आईबी कॉलेज पानीपत तृतीय स्थान पर रहे। क्लासिकल डांस सोलो में आर्य पी.जी. कॉलेज प्रथम, एसडी कॉलेज पानीपत द्वितीय स्थान पर रहा। ग्रुप डांस जर्नल में आर्य पी.जी. कॉलेज पानीपत प्रथम, डीएवी पीजी. कॉलेज करनाल द्वितीय व व एस.डी. कॉलेज पानीपत तृतीय स्थान पर रहा । दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन पांच मंचों पर किया गया, जिनमें प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं से दिनभर रहा उत्साह का माहौल

स्टेज -1 का मंच संचालन डॉ दीपा शर्मा एवं डॉ एस. बी. भारद्वाज ने किया। सांस्कृतिक मंच पर शास्त्रीय नृत्य (एकल), समूह नृत्य सामान्य, हरियाणवी आर्केस्ट्रा, एकांकी नाटक और मिमिक्री जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्टेज-2 का मंच संचालन डॉ बाल ऋषि ने किया। जिसमे सांगीतिक लोक नाटक (सांग) और स्किट हरियाणवी/हिन्दी ने सामाजिक मुद्दों को कलात्मक रूप में प्रस्तुत किया। जैसे छठी देवी माता की पूजा होती है और उसे निवेदन किया जाता है कि माता बच्चों की रक्षा करना और उनको संस्कार देना और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करना। यह संदेश इस रिचुअल परफॉर्मेंस के माध्यम से दिया गया है। स्टेज-3 का मंच संचालन डॉ पूजा ने किया। जिसमे संगीत मंच पर शास्त्रीय वाद्य (एकल), लोक गीत, लाइट वोकल इंडियन और वाद्य यंत्र वादन की प्रतियोगिताए हुईं। स्टेज-4 का मंच संचालन डॉ मंजू रानी ने किया। कला मंच पर कार्टूनिंग, कोलाज, मृत्तिका मॉडलिंग जैसी प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों की सृजनात्मकता को उजागर किया। स्टेज -5 का मंच संचालन डॉ डिम्पल ने किया। साहित्यिक मंच पर अंग्रेजी एवं हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने तर्कपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। दिनभर उत्सव का माहौल उल्लास, ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा से भरा रहा। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के उत्साह और प्रदर्शन की सराहना की।


इंद्री। तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव मे शिव तांडव की प्रस्तुति देते प्रतिभागी।

## कार्यक्रम में दूसरे दिन 18 गतिविधियां हुई सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

**खास बातें**
- सोलो डांस (मेल) में तृतीय स्थान पर डीएवी पीजी कॉलेज, करनाल तृतीय स्थान पर रहा
- उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को किया सममानित

महोत्सव में दुसरे दिन 18 गतिविधियां सम्पन्न हुई। जिसमें 26 महाविद्यालयों की 153 टीमों ने भाग लिया। डिबेट इंग्लिश (फॉर) में प्रथम स्थान पर आर्य पी जी कॉलेज पानीपत, द्वितीय स्थान पर पंडित चिरंजी लाल राजकीय महाविद्यालय करनाल, तृतीय स्थान पर रहे। क्ले मॉडलिंग में प्रथम स्थान पर एस. डी. कॉलेज पानीपत प्रथम स्थान पर, बुद्ध कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन रंभा द्वितीय स्थान पर व तृतीय स्थान पर आर्य कॉलेज पानीपत रहे। सोलो डांस (मेल)में आर्य पी जी कॉलेज पानीपत प्रथम, द्वितीय स्थान पर एस डी कॉलेज पानीपत एवं तृतीय स्थान पर डी. ए. वी. कॉलेज, करनाल तृतीय स्थान पर रहे। क्लासिकल वोकल सोलो में गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल प्रथम, दयाल सिंह कॉलेज करनाल द्वितीय व डीएवी पीजी कॉलेज करनाल तृतीय स्थान पर रहा। क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल सोलो (पी) में डीएवी पीजी कॉलेज करनाल प्रथम, आर्य पीजी कॉलेज द्वितीय स्थान पर व आई बी पीजी कॉलेज पानीपत तृतीय स्थान पर रहा। क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो में आर्य पीजी कॉलेज प्रथम, गुरु नानक खालसा कालेज द्वितीय वह आईबी कॉलेज पानीपत तृतीय स्थान पर रहे।क्लासिकल वोकल सोलो में गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल प्रथम, दयाल सिंह कॉलेज करनाल द्वितीय व डीएवी पीजी कॉलेज करनाल तृतीय स्थान पर रहा। क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल सोलो (पी) में डीएवी पीजी कॉलेज करनाल प्रथम, आर्य पीजी कॉलेज द्वितीय स्थान पर व आई बी पीजी कॉलेज पानीपत तृतीय स्थान पर रहा।

# स्कूल में बड़ी चोरी: 86 मोबाइल टैब सहित 15 लाख का सामान ले उड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिले के बीबीरपुर जाटान गाँव के एक सरकारी स्कूल में तीन दिन की छुट्टियों का फायदा उठाकर चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर स्कूल के प्रिंसिपल रूम का ताला तोड़कर 86 मोबाइल टैब, दो एलसीडी स्क्रीन और सीसीटीवी का डीवीआर अपने साथ ले गए। इस वारदात से स्कूल को करीब 15 लाख का नुकसान हुआ है। स्कूल प्रिंसिपल मीनाक्षी चौधरी ने बताया कि शिक्षा विभाग ने 9वीं से 12वीं कक्षा के 104 छात्र-छात्राओं को डिजिटल एजुकेशन से जोड़ने के लिए ये मोबाइल टैब दिए थे। इन 104 टैब में से 86 टैब चोरी हो गए। प्रिंसिपल के मुताबिक, एक टैब की कीमत करीब 17,000 है, जिससे कुल मिलाकर स्कूल को लगभग 15 लाख का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मंगलवार सुबह गाँव के सरपंच प्रतिनिधि शमशेर ने पुलिस को दी। इसके बाद इंद्री थाना प्रभारी विपिन के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। स्कूल प्रिंसिपल की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए हैं। पुलिस अब आस-पास के गाँवों और संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

### पूरी तैयारी से आए थे चोर



यह चोरी करवा चौथ, शनिवार और रविवार की छुट्टियों के बीच हुई, जब स्कूल तीन दिनों तक बंद रहा। मंगलवार सुबह जब स्कूल प्रिंसिपल पहुँची तो उन्होंने देखा कि प्रिंसिपल रूम का ताला टूटा हुआ था और अंदर मोबाइल टैब के खाली बॉक्स बिखरे पड़े थे। चोर सिर्फ टैब ही नहीं, बल्कि स्कूल में लगी दो एलसीडी स्क्रीन और वारदात की रिकॉर्डिंग वाला सीसीटीवी डीवीआर भी साथ ले गए। इससे साफ है कि चोर पूरी तैयारी के साथ आए थे, ताकि पुलिस को वारदात की कोई रिकॉर्डिंग न मिल पाए।

# अग्रवाल समाज ने अपनी कड़ी मेहनत पर कमाया देश व विदेश में नाम : रमेश गुप्ता

- कोरोना काल मे समाज ने शहर के लोगों के लिये बहुत सहायता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

अग्रवाल समाज देश का ऐसा समाज है जिसने व्यापार जगत में वह मुकाम हासिल किया है जिसकी हर व्यक्ति कामना करता है। मैं अपने आपको खुशकिस्मत मानता हूं कि मेरा अग्रवाल समाज में जन्म हुआ है। हमारे समाज के लोगों की जनसंख्या कितनी भी कम क्यों न रही लेकिन कोई भी विपदा पडऩे पर अग्रवाल समाज को याद जरूर किया जाता है। अग्रवाल समाज तन मन धन के साथ हमेशा आगे खड़ा मिलता है। कोरोना काल मे समाज ने शहर के लोगों के लिये बहुत सहायता की। इस पर एक कहावत भी बनी है कि जित्थे गया बनिया, उत्थे गया बाजार। शहर के किसी भी कोने में जाकर अग्रवाल समाज के लोग व्यापार क्यों न कर लें, वह अपनी काबिलियत के बल पर उसे कामयाब कर ही लेते हैं।


तरावड़ी। चर्चा करते हुये सभा के प्रधान रमेश गुप्ता एवं नगर पालिका चेयरमैन विरेन्द्र बंसल। फोटो : हरिभूमि

### तालमेल जरूरी

यह विचार अग्रवाल सभा के प्रधान व शिव शक्ति इंटरग्लोब एक्स प्रा. लि. के सीएमडी रमेश गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहे उन्होंने कहा कि जिस तरह से महाजन बिरादरी के लोगों ने व्यापार जगत में नाम कमाया लेकिन राजनीतिक स्तर पर हमारा समाज इतना कामयाब नहीं हो पाया है। इसका मुख्य कारण है कि हमारा आपस में तालमेल नहीं है। इस पर हमारे समाज के लोगों को विचार करने की जरूरत है। सभा के प्रधान रमेश गुप्ता ने कहा कि शहर मे समाज की अग्रवाल धर्मशाला मे करोड़ों रुपया लगाकर उसको एक नया रूप दिया है।



### वैदिक संस्कार मास के तहत अध्ययन कार्यक्रम

**करनाल।** डॉ. गणेश दास टीवी महिला शिक्षण महाविद्यालय में वैदिक संस्कार पुण्य मास के अंतर्गत दयानंद सरस्वती सदन द्वारा "सत्यार्थ प्रकाश" पर अध्ययन एवं अवलोकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. राकेश संधू ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सत्यार्थ प्रकाश जीवन को सत्य ज्ञान और वैदिक धर्म के मार्ग पर अग्रसर करने वाला प्रकाश स्तंभ है। इससे विद्यार्थियों में नैतिकता, आत्मविश्वास और तर्कशीलता की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में बी.एड. की सभी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का संचालन डॉ. सरोज और डॉ. अर्चना सक्सेना ने किया।

# करनाल की मंडियों में फर्जी गेट पास से धान घोटाले का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारतीय किसान यूनियन (सर छोटूराम) ने आरोप लगाया है कि करनाल की मंडियों में फर्जी गेट पास के जरिए यूपी और बिहार से लाई गई सस्ती धान को सरकारी खरीद दिखाकर भारी घोटाला किया जा रहा है।

संगठन के प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने कहा कि स्थानीय किसानों की धान को एमएसपी पर नहीं खरीदा जा रहा, बल्कि नमी का बहाना बनाकर 400 से 500 प्रति क्विंटल तक कम दाम दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई मंडियों का दौरा करने के बाद पाया गया कि अधिकारी और व्यापारी मिलीभगत कर किसानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। यूपी और बिहार से ट्रकों में धान भरकर हरियाणा की सीमाओं तक लाया जाता है और फिर ट्रैक्टर-ट्रालियों में मंडियों तक पहुंचाकर फर्जी पास जारी किए जाते हैं। यूनियन ने मांग की है कि सरकार तत्काल जांच कमेटी गठित कर दोषी अधिकारियों और व्यापारियों पर कड़ी कार्रवाई करे, ताकि करनाल के असली किसानों को उनका हक मिल सके।



# नागरिकों को दी बैंक के लेनदेन की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित "आपकी पूंजी – आपका अधिकार" अभियान के अंतर्गत आज करनाल के सेक्टर-12 स्थित अग्रणी बैंक कार्यालय में जिला स्तरीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को उनके अदावा खातों, बीमा पॉलिसियों, म्यूचुअल फंड्स और अन्य वित्तीय योजनाओं में पड़ी पूंजी के प्रति जागरूक करना तथा उसे सरल प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त करने की जानकारी प्रदान करना था।शिविर में प्रतिभागियों को अनक्लेम्ड डिपॉजिट पोर्टल के माध्यम से दावा दर्ज करने की प्रक्रिया का लाइव डेमो दिखाया गया। बैंक अधिकारियों ने बताया कि सरकार का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति अपनी पूंजी की जानकारी रखे और यदि कोई राशि अदावा पड़ी है, तो उसे शीघ्र प्राप्त कर सके।जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सुशील हिंदूजा ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों से आम जनता न केवल अपनी पूंजी की जानकारी प्राप्त कर रही है, बल्कि उन्हें डिजिटल माध्यम से वित्तीय सेवाओं से जोड़ने का भी अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि "आपकी पूंजी – आपका अधिकार" अभियान वित्तीय समावेशन की दिशा में एक बड़ा कदम है।



### बाल दिवस के उपलक्ष में 512 बच्चों ने लिया प्रतियोगिताओं में हिस्सा

**करनाल।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के निर्देशानुसार तथा उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में जिला बाल कल्याण परिषद करनाल द्वारा बाल दिवस-2025 के अवसर पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम की महापौर रेनू बाला गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी मंजू चौधरी ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। महापौर ने बच्चों से कहा कि "बच्चे देश का भविष्य हैं, उन्हें सदैव सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए।" इस अवसर पर 48 स्कूलों के 512 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में समूह नृत्य, देशभक्ति गीत, एकल गायन, फन गेम्स, बेस्ट ड्रामेबाज, स्केचिंग, दिया-कैंडल सज्जा, क्ले मॉडलिंग और प्रश्नोत्तरी शामिल रहीं।

### इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज में यूथ फेस्टिवल संपन्न

**लाडवा।** लाडवा गत दिवस इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा धनौरा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय 48 वाँ जोनल यूथ फेस्टिवल कुरुक्षेत्र जोन 2025 का समापन अत्यंत उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ हुआ।कॉलेज प्राचार्य प्रो. कुशल पाल ने विशेष रूप से चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के माननीय कुलपति प्रो. डॉ. राम पाल सैनी का हार्दिक आभार प्रकट किया, जिन्होंने अपने व्यस्ततम कार्यक्रम से समय निकालकर समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे । और विद्यार्थी कलाकारों को आशीर्वाद दिया। प्राचार्य महोदय ने जानकारी दी कि प्रो. राम पाल सैनी ने कॉलेज के विकास कार्यों हेतु एक लाख रुपये की अनुदान राशि प्रदान की।

## शहर की सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# निगमायुक्त ने विभागों को दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में आज नगर निगम कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मार्केट कमेटी), भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार एवं निगम की सेनीटेशन टीम भी मौजूद रही।बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना तथा विभागीय समन्वय को मजबूत बनाना था। निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बैठक के दौरान सभी विभागों को साफ-सफाई के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने और जिम्मेदारीपूर्वक सहयोग करने के निर्देश दिए।



### लापरवाही न बरते

#### क्षेत्र को आवारा पशु मुक्त करने की बात कही

एचएसआईआईडीसी अधिकारियों को उन्होंने कहा कि सेक्टर-3, सेक्टर-3 एक्सटेंशन तथा औद्योगिक क्षेत्र में कहीं भी खुले में कचरा न दिखाई दे। निगमायुक्त ने कहा कि इंडस्ट्रीज से निकलने वाले कचरे के निस्तारण की रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत की जाए और सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इसके साथ ही उन्होंने मंडी क्षेत्र को आवारा पशु मुक्त करने के भी निर्देश दिए।

### खाली प्लॉटों का करवाएं कूड़ा मुक्त

निगमायुक्त ने अधिकारियों को आदेश दिए कि उनके अधीन क्षेत्रों के खाली प्लॉट कूड़ा मुक्त रखे जाएं। किसी भी बड़े प्लॉट में गंदगी या कचरे का जमाव दिखाई न दे। निगमायुक्त ने कहा कि "कूड़ा-कर्कट से जुड़े हॉट स्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर उन्हें शीघ्र समाप्त किया जाए।" मार्केट कमेटी अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अनाज मंडी और सब्जी मंडी में सफाई व्यवस्था तुरंत दुरुस्त की जाए। मंडी क्षेत्र में कूड़ा-कर्कट बिखरा हुआ न हो, इसके लिए दुकानदारों और वैंडर्स को सख्ती से पाबंद किया जाए। उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में आती है, इसलिए वहां से निकलने वाला गीला और सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र किया जाए तथा उसका उचित निस्तारण करवाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने मंडी क्षेत्र को आवारा पशु मुक्त करने के भी निर्देश दिए। एनएचएआई अधिकारियों को निर्देश देते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने वाले जी.टी. रोड, फ्लाईओवर, अंडरपास आदि क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखा जाए। सड़कों के किनारे उगी जंगली घास को हटाया जाए तथा स्टॉर्म वाटर लाइन की सफाई समय पर करवाई जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी प्रमुख मार्ग पर गंदगी या जलभराव की स्थिति न बने।

## खबर संक्षेप

### चर्चित हैड कांस्टेबल आशीष कुमार बहाल

**पानीपत।** अनुशासनहीनता व सरकारी कामकाज को बाधित करने आदि आरोपों में दोष सिद्ध होने पर हरियाणा पुलिस की नौकरी से सेवा मुक्त किए गए चर्चित हैड कांस्टेबल आशीष कुमार को तीन साल के बाद पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर अवकाश पर गए पुलिस महानिदेशक शुत्रजीत कपूर ने फिर से हवलदार के पद पर पानीपत में ज्वाइंन करने के आदेश दिए है। इधर, पानीपत पुलिस मुख्यालय ने हवलदार अशीष को बुधवार की सुबह तलब किया है।

### वृद्ध की जेब से 50 हजार रुपये चोरी

**समालखा।** समालखा के बाजार में दिवाली की खरीदारी करने आए बुजुर्ग प्रकाश निवासी गांव भोडवाल माजरी की जेब से चोरों ने 50 हजार रुपये चोरी कर लिए। वहीं, प्रकाश की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने दो अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं प्रकाश ने बताया कि वह बिजली उत्पादों की दुकान पर खरीददारी के लिए गया था, इस दौरान दो अज्ञात युवक दुकान में आए और उन्होंने उनकी जेब से नगदी निकाल कर फरार हो गए।

### रेल गाड़ियों की लेट-लतीफी से यात्री परेशान

**पानीपत।** त्यौहारी सीजन में रेल गाड़ियों की लेट-लतीफी ने यात्रियों की परेशानी बढ़ने लगी है। पानीपत के रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को अमृतसर एक्सप्रेस करीब आठ, मालवा एक्सप्रेस तीन, आम्रपाली एक्सप्रेस साढे छह घंटें देरी से आई। स्टेशन अधीक्षक रमेश चंद्र ने बताया कि ट्रेनों के लेट होने की मुख्य वजह अन्य रेल मंडलों में ट्रैक की मरम्मत और रूट डायवर्जन है। वहीं, ट्रेनें समय से आएं, इसके लिए रेलवे लगातार प्रयास कर रहा है।

### पानीपत से युवक लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के वार्ड नंबर 26 की सैनी कॉलोनी निवासी 19 वर्षीय प्रिंस पुत्र सुरेश कुमार गत एक सप्ताह से लापता है। इधर, परिजनों ने उसकी हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन युवक का पता नहीं चला। इधर, सुरेश ने अपने पुत्र प्रिंस की गुमशुदी की शिकायत पुराना औद्योगिक क्षेत्र थाना को दी है। पुलिस ने प्रिंस की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### जानलेवा हमला में चार पकड़े

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने मतलौडा अनाज मंडी में पंचायत के दौरान पिस्तौल से फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामलें में चार आरोपियों गांव खुखराना निवासी शुभम उर्फ शुभि, गांव मतलौडा निवासी दीपक व सोनू व खंडरा गांव निवासी विकास उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि आरोपी विकास उर्फ विक्की को एक दिन व आरोपी सुभम उर्फ सुभी को चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। आरोपियों से केस की पूरी जानकारी व इस केस के फरार आरोपियों के पते ठिकानों की जानकारी लेने का प्रयास किया जा रहा है। स्मरणीय है कि थाना मतलौडा में गांव मतलौडा निवासी जितेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

## कारीगरों के जीवन में खुशहाली लाना हर नागरिक का कर्तव्य

# स्वदेशी उत्पादों की खरीद से भारत होगा आत्मनिर्भर: नवीन

सड़क किनारे बैठे दुकानदारों से खरीद कर स्वदेशी कारिगरों को बढ़ावा दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आत्मनिर्भर भारत प्रोग्राम के जिला संयोजक, प्रसिद्ध समाजसेवी, उद्यमी व भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाना हर नागरिक का कर्तव्य है। स्वदेशी उत्पादों के उत्पादन और खरीद से भारत की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी और भारत आत्मनिर्भर राष्ट्र बनेगा। वहीं, भाटिया ने कहा कि त्यौहार सीजन शुरू हो चुका है और दीवाली, गोवर्धन, भैया दूज पर्व के लिए देसी उत्पादों की बिक्री सड़कों के किनारे सुक्ष्म व लघु स्तर पर शुरू हो चुकी। उन्होंने जनता से अपील की कि वे, सड़क किनारे बैठे दुकानदारों से ही दिवाली, गोवर्धन व भैय्या दूज पर्वों के लिए दीपक, भगवान की मूर्तियां, खील, बताशे, कलेंडर, फूल आदि की खरीद करें। दावा किया कि सड़क पर बैठे दुकानदारों से खरीद फिरोख्त करने से जहां स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा, वही इन लोगों के आय बढ़ेगी और भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। भाटिया ने जनता से अपील की कि सड़क किनारे बैठे दुकानदारों से सामना की खरीद मानवता की भावना से करें।



**पानीपत।** भाजपा नेता नवीन भाटिया अपने साथियों से साथ स्वदेशी उत्पाद खरीदते हुए। फोटो : हरिभूमि

**नाम मात्र के मुनाफे पर ही अपने उत्पादों की बिक्री करता है**

सड़क किनारे बैठने वाला दुकानदार नाम मात्र के मुनाफे पर ही अपने उत्पादों की बिक्री करता है। इधर, दक्षिण मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा की अध्यक्षता में सनौली रोड स्थित रोड कर बैठे दुकानदरों से मिट्टी के दिए विभिन्न दिवाली के उपलक्ष्य में मिट्टी की चीजें खरीदी गई। जबकि भाजपा नेता नवीन भाटिया ने कहा कि जो नागरिक सड़क दुकानदारों से सहयोगात्मक रवैया रखते हुए उत्पादों की खरीद फिरोख्त करते हैं उन पर भगवान का आशीर्वाद हमेशा बना रहता है। इस अवसर पर टीडीआई प्रधान विक्की कत्याल, वरिष्ठ भाजपा नेता रोहतास देशवाल, हिमांशु वीरमाणि, देवेंद्र सिंह मक्कड, मनीष बरेजा, दिव्यांशु वर्मा, संदीप मलिक आदि मौजूद रहे।

# पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता होती है कमजोर



**पानीपत।** कृषि विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. राजेन्द्र सिंह सोलंकी पानीपत में धान के खेत का निरीक्षण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

- कृषि विभाग के निदेशक ने कृषि योजनाओं की समीक्षा व रबी सत्र की तैयारी पर बैठक की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पंचकूला के अतिरिक्त निदेशक डॉ. राजेन्द्र सिंह सोलंकी ने मंगलवार को जिला पानीपत का दौरा कर कृषि उप निदेशक कार्यालय का निरीक्षण कर कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और आगामी रबी सत्र की तैयारियों को लेकर विस्तृत से चर्चा की गई। डॉ. सोलंकी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना सहित विभिन्न प्रमुख योजनाओं की वर्तमान स्थिति का आंकलन किया। बैठक के पश्चात डॉ. सोलंकी ने कृषि विषय विशेषज्ञ डॉ. अरविन्द कुमार के साथ जिले के विभिन्न गांवों का दौरा किया और डीएसआर पद्धति के तहत बुआई कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से बातचीत करते हुए फसल अवशेष न जलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पराली प्रबंधन के लिए इन-सीटू व एक्स-सीटू दोनों ही तरीकों को अपनाया जाए और विभाग द्वारा पराली प्रबंधन करने वाले किसानों को 1200 रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान प्रदान किया जाएगा। डॉ. सोलंकी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रबी सत्र के लिए बीज, उर्वरक व कीटनाशकों की उपलब्धता और सही जानकारी किसानों तक समय पर पहुंचे। इस अवसर पर कृषि उपनिदेशक डॉ. आत्मा राम, उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. देवेंदर, कृषि विषय विशेषज्ञ डॉ. अरविन्द कुमार आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने से इंसान के अंदर बढ़ती है सद्भावना : डॉ. नरेश

- युवा मंडल इंदिरा बाजार सोसाइटी का दीवाली मिलन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

युवा मंडल इंदिरा बाजार सोसाइटी का तृतीय श्री राम विवाह महोत्सव सकुशल संपन्न होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को सभी सदस्यों एवं राम विवाह महोत्सव के दौरान विभिन्न किरदार को अदा करने वालों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसाइटी के संरक्षक डॉ.नरेश चुघ ने करते हुए कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने से इंसान के अंदर सद्भावना बढ़ती है। वहीं, , उप संरक्षक मोहिंदर कुमार हुंडिया ने सभी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस सोसाइटी की विशेषता यह है कि बाजार में किसी दुकानदार से चंदा न एकत्रित कर सिर्फ अपने निजी जानकारों से एकत्रित कर इस बड़े आयोजन को करती है। इस मौके पर सोसाइटी के प्रधान रवि मेहता, कार्यकारी प्रधान यश गाबा, महासचिव दीपांश मिगलानी, महाप्रबंधक इंद्र मखीजा, केशियर गौरव नंदवानी, उप प्रधान ललित ग्रोवर, मोहित कक्कड़, विशाल जुनेजा, प्रदीप शर्मा, रवि चोपड़ा, पवन मखीजा, संचित पुगला, डोडो सलूजा, अशोक कुमार हीरा, अमित सेठी, मोनू नारंग, मोनू शर्मा, सोनू शर्मा, सोनू माहना आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** दीवाली मिलन समारोह में भाग लेते हुए अतिथिगण व युवा मंडल इंदिरा बाजार सोसाइटी के पदाधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

### पुलिस ने स्नेचिंग केस में आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने छीना हुआ मोबाइल फोन खरीदने वाले आरोपी मुकेश निवासी गांव सिंघया घाट समस्तीपुर बिहार हाल जालंधर पंजाब को गिरफ्तार किया है। वहीं, सीआईए थ्री प्रभारी विजय ने बताया कि मुकेश ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि मोबाइल फोन उसने करीब पांच महीने पहले दिल्ली सदर बाजार में मिले एक अज्ञात युवक से कम कीमत पर खरीदा था। उक्त मोबाइल स्नेचिंग की वारदात बारे थाना सदर में आईओसीएल चौक सरदार कॉलोनी निवासी बालचंद की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### पुलिस से कार्रवाई की मांग

**पानीपत।** कांग्रेसी नेता राजकुमार पाहवा ने पुलिस प्रशासन से हुडा सेक्टर 13-17 में सरेआम शराब पीने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पाहवा ने बताया कि दिन ढलते ही पूरे सेक्टर में जगह-जगह सडकों पर गाडियां खडी कर इनमें सवार लोग शराब का सेवन करते है।

# मलेरिया-डेंगू से बचाव को फॉगिंग में तेजी

- राजकीय अस्पतालों में डेंगू व मलेरिया के रोगी की जांच व उपचार फ्री है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जिला सचिवालय में मंगलवार को उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया से भविष्य में कैसे निपटा जाए। इस पर गंभीरता पूर्वक समीक्षा बैठक की। बैठक में घातक नशे को लेकर सख्ती से पेश आने के भी निर्देश उपायुक्त डॉ. दहिया ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिए। डॉ. दहिया ने संबंधित विभाग को लापरवाह लोगों के ज्यादा से ज्यादा चालान करने के लिए भी कहा। इधर, डॉ. दहिया ने मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मच्छर जनित रोगों पर नियंत्रण सिर्फ सरकार की नहीं, हर नागरिक की जिम्मेदारी है। जहां भी पानी ठहरता है, वहां मच्छरों का पनपना निश्चित है। ऐसे में हमें घर-घर जाकर जागरूकता फैलानी होगी। स्वास्थ्य विभाग की टीमें पूरे सतर्कता के साथ काम करें। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त एवं निगम कमिश्नर डॉ.पंकज, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना नवदीप नैन, डीईओ राकेश बूरा, डा.केतन भारद्वाज, डा.ललित वर्मा आदि मौजूद रहे।



**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

**मुफ्त इलाज**

सीएमओ डॉ.विजय मलिक ने कहा कि सरकारी अस्पताल में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया की जांच और इलाज पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध है। इसके अलावा जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया की मुफ्त जांच व उपचार की सुविधा उपलब्ध है। डेंगू से बचने के लिए साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखें और पानी जमा न होने दें। मच्छरदानी का प्रयोग करें।

# चुलकाना धाम में श्याम बाबा को दिया शोभायात्रा का न्यौता




**पानीपत।** चुलकाना धाम में श्याम बाबा को न्यौता देने पहुंचे लखदातार सेवा समिति के पदाधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** तृतीय श्री श्याम शाही शोभा यात्रा के आयोजन हेतु निमंत्रण पुस्तक लेकर समिति के लखदातार सेवा समिति के सदस्यों ने चुलकाना धाम जाकर खाटू श्याम बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। संस्था के संस्थापक आशु दुआ ने बताया कि खाटू श्याम बाबा सीकर वाले स्वयं मुख्य अतिथि के रूप में पधार रहे हैं। बाबा रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगे और अपने भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। देशभर से आने वाली भव्य एवं अद्भुत झांकियां इस शोभा यात्रा की शोभा बढ़ाएगी। उन्होंने नागरिकों से श्री श्याम शाही शोभा यात्रा को सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# आग से गत्ते से भरा गोदाम हुआ राख

## गोदाम संचालक की सूचना पर दमकल मौके पर पहुंची

- गोदाम में आग लगने के कारणों की जानकारी नहीं मिल सकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के निकटवर्ती गांव बिंझौल में मंगलवार सुबह गत्ता गोदाम में अचानक आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया और आग में गोदाम में रखा सामान जल गया। वहीं, गोदाम संचालक की सूचना पर दमकल मौके पर पहुंची और आग को काबू किया। इधर, फायर आफिसर गुलमेर सिंह ने बताया कि फायर बिग्रेड की दो गाड़ियों की मदद से गत्ता गोदाम में लगी आग को काबू किया गया। वहीं गोदाम में आग लगने के कारणों की जानकारी नहीं मिल सकी। माना जा रहा है कि गोदाम में बिजली के शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी होगी। उन्होंने बताया कि गोदाम में आग लगने के कारणों व हुए नुकसान की जांच की जा रही है। जबकि गोदाम संचालक कपिल ने बताया कि आग से उनका लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। गोदाम में बड़ी मात्रा में गत्ता स्टोर किया गया था, जो आग में राख हो गया।



**पानीपत।** गत्ते के गोदाम में लगी आग में उठता हुआ धुंआ। फोटो : हरिभूमि

# विद्यार्थी की तरक्की की राह है अनुशासन: डॉ. मलिक



**पानीपत।** आईबी कॉलेज में कार्ड बनाते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** आईबी कॉलेज के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की ओर से बीकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने करते हुए कहा कि अनुशासन विद्यार्थी की तरक्की की राह है। वहीं कार्ड बनाना अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की समग्र प्रतिभा के विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में परी प्रथम, चक्षु व संस्कृति द्वितीय और तृतीय स्थान पर विधि और तमन्ना रही। विजेताओं को कॉलेज प्रशासन ने पुरस्कृत किया।

### वोटर्स की होगी वेरिफिकेशन

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जिला निर्वाचन कार्यालय की बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि भारत चुनाव आयोग तथा मुख्यालय के निर्देश अनुसार मतदाता सूची की गहन पुनरीक्षण का कार्य शीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है। जिसके अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची में शामिल सभी मतदाताओं की वेरिफिकेशन की जाएगी तथा आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए जाएंगे। अधिकारी इसमें ईमानदारी व पारदर्शिता बरते।

### पानीपत को प्रदूषण मुक्त बनाएं

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने किसानों से पराली न जलाने की अपील करते हुए कहा कि यह न केवल एक कानूनी अपराध है, बल्कि पर्यावरण और आम जनजीवन के लिए भी बेहद खतरनाक है। पराली जलाने से वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ता है जिससे सांस लेना दूभर हो जाता है और खांसी, दमा, एलर्जी जैसी बीमारियां फैलती हैं।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

बसंत कुमार पुत्र स्व. श्री हरिचन्द निवासी मकान नं. 1/24, नजदीक आहुजा हस्पताल, सनौली रोड, तहसील व जिला पानीपत व आदि

**बनाम**

जनरल पब्लिक

इस इस्तार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि बसंत कुमार पुत्र स्व. श्री हरिचन्द निवासी मकान नं. 1/24, नजदीक आहुजा हस्पताल, सनौली रोड, तहसील व पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मृतक स्व. श्री हरिचन्द पुत्र स्व. श्री खान चन्द की मृत्यु दिनांक 23.02.2005 को हो चुकी है। मृतक स्व. श्री हरिचन्द पुत्र स्व. श्री खान चन्द के देहान्त के बाद निम्न वारिस उत्तराधिकारी हैं:- 1. लक्ष्मीबाई (मृतक पत्नी) 2. जगदीश कुमार (मृतक पुत्र) 3. सोनिया चावला (पुत्री) 4. बसंत कुमार (पुत्र) 5. मोना (पुत्री) 6. धर्मपाल (पुत्र) 7. मीना (मृतक पुत्री) 8. सवेता अरोड़ा (पुत्री) के ही जायज वारिस हैं मृतक की पत्नी स्व. लक्ष्मी बाई का दिनांक 17.08.2014 को हो चुका है। मृतक की माता स्व. श्रीमति पोखरी बाई का अरसा पहले देहान्त हो गया है वारीस नं. 2 जगदीश कुमार (मृतक पुत्र) का दिनांक 09.09.2023 को देहान्त हो चुका है। जिसके निम्नलिखित वारीस हैं 1. जया दुआ (धर्मपत्नी) 2. भरत दुआ (पुत्र) 3. प्रियंका (पुत्री) के जायज वासीस हैं। वारीस नं. 7 मीना (मृतक पुत्री) का दिनांक 30.03.2021 को देहान्त हो चुका है। जिसके देहान्त के बाद निम्नलिखित वारीस हैं। 1. शिल्पी सहगल (पुत्री) 2. चिराग मलौहत्रा (मृतक पुत्र) के दो ही वारीस इनके अलावा और कोई वारीस ना है। सुभाष पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट में उपरोक्त वारसान की तस्दीक की गई।

उपर दर्शाये गये वारसानो का अन्य कोई वारिस उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार /नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक स्व. श्री हरिचन्द पुत्र स्व. श्री खान चन्द के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 14/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

## प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने सभी विजेता प्रतिभागियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर बधाई दी

# आर्य कॉलेज ने इंटर कॉलेज फेंसिंग टूर्नामेंट में जीते रजत व कांस्य पदक

विद्यार्थी न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेलकूद के मैदान में भी अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा वहां के स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में आयोजित इंटर.कॉलेज फेंसिंग टूर्नामेंट में रजत एवं कांस्य पदक जीत कर कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने सभी विजेता प्रतिभागियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर बधाई दी। प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने इस जीत का श्रेय शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.राजेश टूर्ण सहित अन्य स्टाफ सदस्यों को दिया। महाविद्यालय की प्रबंधन समिति के उपप्रधान वीरेंद्र शिंगला ने अपने सम्बोधन में कहा कि आर्य कॉलेज के विद्यार्थी न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेलकूद के मैदान में भी अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी सक्रिय रहना चाहिए क्योंकि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व जैसी गुणों का विकास करते हैं। वहीं प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी रुचि रखनी चाहिए। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ.राजेश टूर्ण, कोच राजेंद्र देशवाल, अनूप गुलिया, सुनील पहल, प्राध्यापिका रजनी आदि मौजूद रहे।



**पानीपत।** आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता व कॉलेज के उप प्रधान वीरेंद्र शिंगला के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**प्रतियोगिता के विजेता**

प्राचार्य प्रो.डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होना चाहिए। खेलों से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है। बल्कि जीवन में आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व के गुण भी विकसित होते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा दीक्षा ने रजत पदक,बीकॉम प्रथम वर्ष की शीतल, बीए प्रथम की मंजू, बीए द्वितीय वर्ष की दीपिका और खुशबू एवं बीजेएमसी के छात्र नीरज ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं महाविद्यालय के तीन विद्यार्थी नीरज, दीक्षा एवं शीतल का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

